PendulumEdu







करेंट अफेयर्स

27-11-2019

# करेंट अफेयर्स

**27th November 2019**

www.pendulumedu.com

## करेंट अफेयर्स – 27 नवंबर 2019

### 1. राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान संशोधन विधेयक 2019 संसद से पारित किया गया।

- संसद से राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान संशोधन विधेयक 2019 पारित कर दिया गया।
- इस विधेयक के द्वारा राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान संशोधन कानून 2014 में संशोधन किया गया है, जिसके तहत राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान अहमदाबाद को राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित किया था।
- इस नये कानून के माध्यम से अब **आंध्र प्रदेश में अमरावती, मध्य प्रदेश में भोपाल, असम में जोरहाट और हरियाणा में कुरूक्षेत्र** में स्थित राष्ट्रीय डिजाइन संस्थानों को राष्ट्रीय महत्व का संस्थान बनाया गया है।
- यह सभी संस्थान अब डिग्री और डिप्लोमा प्रदान कर सकेगें।

### 2. दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश–'भारत'।

- भारत दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है।
- विश्व के कुल दुग्ध उत्पादन का 21 प्रतिशत दुग्ध भारत में उत्पादित होता है।
- इसके बाद दूसरा स्थान अमेरिका और तीसरा स्थान चीन का है।
- साथ ही किसानों की प्रगति में पशुपालन का बड़ा योगदान है।
- वर्तमान में भारत में दुग्ध उत्पादन 13 करोड़ 70 लाख टन से बढ़कर 18 करोड़ 70 लाख टन हो गया है।
- इस उपलब्धि को हासिल करने में भारत में **श्वेत क्रांति** के जनक कहे जाने वाले **डा. वर्गीज कुरियन** का बड़ा योगदान है।
- डा.वर्गीज कुरियन का जन्म दिन **26 नवंबर, राष्ट्रीय दुग्ध दिवस** के रूप में भी मनाया जाता है।
- इसी उपलक्ष में नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान **मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री गिरिराज सिंह** ने यह बात कही।

### 3. भारतीय सेना में इजराइल के एण्टी टैंक गाइडेड मिसाइल 'स्पाइक' को शामिल किया गया।

- भारतीय सेना में जम्मू कश्मीर, एल ओ सी में इजराइल के एण्टी टैंक गाइडेड मिसाइल स्पाइक को शामिल किया गया।
- जम्मू कश्मीर में उत्तरी कमान थिएटर में एल ओ सी पाकिस्तान के साथ सीमा पर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए इस मिसाइल का प्रयोग किया जाएगा।
- यह दागो और भूल जाओ तकनीक पर आधारित है।
- मानव द्वारा पोर्टेबल यह मिसाइल 4 किमी. के भीतर टैंकर और बंकर को नष्ट करने के लिए पर्याप्त क्षमता रखती है।

### 4. दिल्ली अनधिकृत कॉलोनी निवासी संपत्ति अधिकार मान्यता प्राप्त बिल 2019 लोकसभा में पेश किया गया।

- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली अनधिकृत कॉलोनी निवासी संपत्ति अधिकार मान्यता प्राप्त बिल 2019 लोकसभा में पेश किया गया।
- इस विधेयक के द्वारा दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले 40 लाख लोगों को मालिकाना हक प्रदान करने का प्रावधान किया जाएगा।
- इसके द्वारा दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले उन सभी व्यक्तियों के संपत्ति के अधिकार को मान्यता प्रदान की जाएगी जिनके पास पावर ऑफ अटॉर्नी, विक्रय करार, वसीयत, कब्जा पत्र और अन्य प्रकार के प्रमाण उपलब्ध हैं।
- साथ ही इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को पंजीकरण शुल्क और स्टाम्प ड्यूटी से भी राहत देने की बात कही गई है।

### 5. ट्रांसजेंडर व्यक्ति अधिकार संरक्षण विधेयक 2019 संसद से पारित।

- ट्रांसजेंडर व्यक्ति अधिकार संरक्षण विधेयक 2019 संसद से पारित कर दिया गया।

- राज्यसभा ने इस बिल को ध्वनि मत से पारित कर दिया। जबकि लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी थी।
- इस कानून के अनुसार किसी ट्रांसजेंडर व्यक्ति के साथ नौकरी, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सेवा, मनोरंजन स्थल और अन्य लोगों के लिए उपलब्ध अवसरों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा।
- इस कानून का उद्देश्य ट्रांसजेंडर व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा में शामिल करना है।
- भारत में ट्रांसजेंडर्स की स्थिति 1871 में अंग्रेजों के द्वारा लागू किये गये क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट के बाद से खराब होने लगी।
- 1952 में इस कानून को समाप्त कर दिया गया था परंतु इससे होने वाली क्षति समाज में आज भी दिखाई देती है।
- **2011 की जनगणना** में ट्रांसजेंडर व्यक्ति को पहली बार तीसरे लिंग के व्यक्ति के रूप में पहचान दी गई।

## 6. उत्तर प्रदेश में राज्य का पहला गिद्ध संरक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा।

- लुप्तप्राय गिद्ध प्रजाति के संरक्षण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुये **महाराजगंज जिले** के बाहरी क्षेत्र में राज्य का पहला गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है।
- देश में गिद्धों की आबादी में तीव्र गिरावट आई है।
- पिछले तीन दशकों में उनकी आबादी 40 मिलियन से घटकर मात्र 19 हजार रह गई है।
- राज्य के द्वारा इस केंद्र का विकास देश के पहले गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र, **पिंजौर, हरियाणा** की तर्ज पर किया जा रहा है। जिसका नाम **जटायु संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र** है।
- गिद्ध को प्राकृतिक सफाई कर्मचारी की संज्ञा भी दी जाती है।

**7. डेफकॉम इंडिया 2019 – दो दिवसीय सेमिनार नई दिल्ली में आयोजित।**

- दो दिवसीय सेमिनार डेफकॉम इंडिया 2019 का आयोजन नई दिल्ली में किया जा रहा है।
- इसकी थीम है–***'संचार–संयुक्ति के लिए एक निर्णायक उत्प्रेरक'।***
- यह सम्मेलन तीनों सेनाओं के मध्य संयुक्तता लाने के लिए संचार को माध्यम बनाने संबंधी विषय के लाभों पर आधारित है।
- इस सम्मेलन का उद्घाटन **राज्य रक्षा मंत्री श्रीपद नाइक** के द्वारा किया गया।
- तीनों सेनाओं के एक प्रमुख की नियुक्ति से उनमें समन्वय, एकीकरण और संचार में सुविधा होगी।

**8. क्राई की रिपोर्ट के अनुसार बच्चों के खिलाफ अपराध में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।**

- हाल ही में क्राई के द्वारा एक रिपोर्ट प्रकाशित की गई। जिसका शीर्षक है– भारत में बच्चे अपराध के प्रति कितने सुभेद्य हैं।
- चाईल्ड राइट एण्ड यू अर्थात् क्राई (CRY) की रिपोर्ट के अनुसार बच्चों के खिलाफ अपराध में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की स्थिति सबसे अधिक खराब है।
- झारखण्ड में बच्चों के खिलाफ अपराधों में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई है।
- जबकि मणिपुर में 2016–2017 के मुकाबले बच्चों के खिलाफ अपराधों में कमी आई है।
- **चाईल्ड राइट एण्ड यू अर्थात् क्राई (CRY)**
    - यह एक भारतीय गैर सरकारी संगठन है।
    - इसकी स्थापना 1979 में रिप्पन कपूर के द्वारा की गई थी।
    - इस संस्था का उद्देश्य बाल अधिकारों का संरक्षण करना है।

## 9. गैंडे की सुमात्रन प्रजाति मलेशिया से विलुप्त हो गई।

- 25 वर्षीय मादा गैंडा ईमान की 23 नवंबर 2019 को मृत्यु के बाद अब गैंडे की सुमात्रन प्रजाति मलेशिया से विलुप्त हो गई है।
- उसे मलेशिया के **सबा वन्यजीव अभ्यारण्य** में रखा गया था।
- इससे 6 माह पूर्व ही अंतिम सुमात्रन नर गैंडे की भी मृत्यु हुई थी।
- इन दोनो की मृत्यु के बाद विश्व में केवल 80 सुमात्रन राइनो शेष हैं, जो कि इंडोनेशिया में मौजूद हैं।
- सुमात्रन राइनो दुनिया में पांच प्रचलित राइनों प्रजातियों में सबसे छोटी हैं।
- राइनो की अन्य चार प्रजातियाँ– सफेद राइनो, काला राइनो, ग्रेटर वन हॉर्नड राइनो और जावन राइनो।

## 10. 'वॉटर 4 चेंज' भारत और नीदरलैंड की शहरी जल प्रबंधन पद्धति।

- जल संसाधन विकास और प्रबंधन केंद्र (CWRDM) केरल और नीदरलैंड के 6 प्रमुख संस्थानों की मदद से 'वॉटर 4 चेंज' नाम की एक नई परियोजना कोझीकोड, केरल में शुरू की जाएगी।
- इसका उद्देश्य शहरी जल प्रबंधन प्रणाली के लिए दीर्घकालिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है।
- इस परियोजना को भुज, भोपाल और शिमला में भी लागू करने पर विचार किया जाएगा।
- परियोजना का मुख्य उद्देश्य हितधारकों और समुदायों को तेजी से बढ़ते माध्यमिक शहरों के लिए एक एकीकृत और संदर्भ संवेदनशील रूपरेखा प्रदान करना है।
- इस परियोजना के द्वारा सैनेटरी इंजीनियरिंग, शहरी नियोजन और शासन, जल विज्ञान पारिस्थितिकी, सूचना विज्ञान और उनके अनुप्रयागों पर शोध और प्रोत्साहन का कार्य किया जाएगा।

## समसामयिक प्रश्नोत्तर

1. ट्रांसजेंडर व्यक्ति को पहली बार तीसरे लिंग के व्यक्ति के रूप में पहचान किस जनगणना द्वारा दी गई थी?

a. जनगणना 2011

b. जनगणना 2001

c. जनगणना 1991

d. जनगणना 1971

उत्तर– a

2. हाल ही में किस देश से सुमात्रन राइनो की प्रजाति विलुप्त हो गई है?

a. मलेशिया

b. इंडोनेशिया

c. वियतनाम

d. भारत

उत्तर– a

3. उत्तर प्रदेश के किस जिले में राज्य का पहला गिद्ध संरक्षण एवं प्रजनन केंद्र स्थापित किये जाने की घोषणा सरकार के द्वारा की गई है?

a. सहारनपुर

b. गाजियाबाद

c. कानपुर

d. महाराजगंज

उत्तर– d

4. भारत के बाद विश्व में दूध का सबसे बड़ा उत्पादक राष्ट्र कौन सा है?

a. अमेरिका

b. चीन

c. ऑस्ट्रलिया

d. जापान

उत्तर– a

5. स्पाइक क्या है?

a. वाहन

b. मकड़ी की नई प्रजाति

c. एण्टी टैंक गाइडेड मिसाइल

d. उपग्रह

उत्तर– c

6. निम्नलिखित में से कहाँ स्थित राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान को राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान संशोधन विधेयक 2019 के अनुसार राष्ट्रीय महत्व का संस्थान नहीं बनाया गया है?

a. वाराणसी

b. अमरावती

c. जोरहाट

d. कुरूक्षेत्र

उत्तर– a

7. क्राई की रिपोर्ट के अनुसार किस राज्य में बच्चों के खिलाफ होने वाल अपराधों में कमी आई है?

a. असम

b. केरल

c. उत्तर प्रदेश

d. मणिपुर

उत्तर– d

8. हाल ही में किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश की अवैध कॉलोनियों को वैधता देने संबंधी बिल लोकसभा में पेश किया गया?

a. पुद्दूचेरी

b. दिल्ली

c. केरल

d. हरियाणा

उत्तर– b

9. बीते दिनों डेफकॉम इंडिया 2019 का आयोजन कहाँ किया गया?

a. चेन्नई

b. कोलकाता

c. नई दिल्ली

d. हैदराबाद

उत्तर– c

10. 'वॉटर 4 चेंज' परियोजना भारत में किस देश के सहयोग से शुरू की जा रही है?

a. रूस

b. ब्राजील

c. स्कॉटलैंड

d. नीदरलैंड

उत्तर– d

Attempt Free SSC CPO Paper I Mock Test

Read Daily Current Affairs 26 November 2019-Hindi

Read Daily Current Affairs 26 November 2019-English

Read Banking/Financial Awareness 27 November 2019-English

Attempt Free IBPS CLERK PRELIMS Mock Test

**Banking, SSC, Railways, Defence, GATE, JEE, NEET & other Competitive Exams**

- Latest Exam Pattern
- Daily Current Affairs
- One to One Session
- Detailed Solutions
- Can be Taken on Web & Mobile



www.pendulumedu.com